दैनिक भास्कर
दिनांक 07/12/2021

पेंटिंग में छात्रा पूजा व लाली ने हासिल किया पहला स्थान

भास्कर न्यूज | कनीना

जिला युवा संसाधन केंद्र महेंद्रगढ़ नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में निफा टीम कनीना के द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्य विषय रखा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी महेंद्र नायक और युवा संसाधन को-ऑर्डिनेटर अनिल ढिढारिया पहुंचे। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विक्रम सिंह व दीपक वशिष्ठ रहे।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा जल बचाओ के ऊपर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने खूब बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिन छात्राओं की पेंटिंग सबसे अच्छी रही उन्हें मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पेंटिंग में पहला स्थान पूजा, दूसरा स्थान रीना, तृतीय स्थान मुस्कान को दिया गया। जल संरक्षण के तहत पेंटिंग में प्रथम स्थान लाली, दूसरा स्थान शीतल, तृतीय स्थान सुनीता को दिया गया। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ. विक्रम, जिला युवा अधिकारी महेंद्र नायक और अनिल ढिढारिया ने अपने विचार रखे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. सुधीर, निफा के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वशिष्ठ, राजेश, हरपाल, डॉ. अंकिता यादव, एनएसएस इंचार्ज डॉ. सीमा, कविता, नीतू सहित अन्य मौजूद रहे।

विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि व अन्य।

दैनिक जागरण
दिनांक 07/12/2021

चित्रकारी में पहले स्थान पर रही पूजा

संवाद सूत्र,कनीनाः जिला युवा संसाधन केंद्र महेंद्रगढ़ नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम आफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) टीम कनीना के द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्य विषय रखा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला युवा अधिकारी महेंद्र नायक और युवा संसाधन को-आर्डिनेटर अनिल ढिढारिया पहुंचे। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर विक्रम सिंह और दीपक वशिष्ठ रहे इस प्रोग्राम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा जल बचाओ के ऊपर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिन छात्राओं की पेंटिंग सबसे अच्छी रही उन्हें स्मृति चिह्न और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पेंटिंग में पहला स्थान पूजा,दूसरा स्थान रीना,तृतीय स्थान मुस्कान को दिया गया। जल संरक्षण के तहत पेंटिंग में प्रथम स्थान लाली,दूसरा स्थान शीतल,तृतीय स्थान सुनीता को दिया गया। इस दौरान प्राचार्य डा विक्रम, जिला युवा अधिकारी महेंद्र नायक और अनिल ढिढारिया ने अपने विचार रखे। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डा विक्रम सिंह, डा. सुधीर, निफा के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वशिष्ठ, राजेश, हरपाल, डा अंकिता, यादव, एनएसएस प्रभारी डा. सीमा, कविता, नीतू मौजूद रहे।

उन्हाणी कालेज में विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डा विक्रम सिंह • जागरण